Reg. No…………………………………………. Name…………………………………………… **16U205**

B. COM DEGREE END SEMESTER EXAMINATION MARCH 2017

SEMESTER - **2: ADDITIONAL LANGUAGE HINDI**

COURSE : **15U2CCHIN2C: POETRY, COMMUNICATIVE HINDI AND TRANSLATION**

(Common for Regular 2016 Admission / Supplementary 2015 Admissions)

Time: Three Hours Maximum Marks: 75

PART-A

I. **सही उत्तर लिखिए।**

1. 'महावृक्ष के नीचे' शीर्षक कविता में 'महावृक्ष' किसका प्रतीक है?
2. 'उत्सर्ग' किसकी कविता है?
3. 'नगर की जिस संकरी-गंदी गली में फिसलकर
   गिरा हुआ बच्चा रो रहा था
   उस गली का नाम नगर पालिका में नहीं था'- इन पंक्तियों में किस प्रकार का भाव व्यक्त होता है ?
4. 'सामान्य ही रहे अंत तक' 'शोक-गीत' नामक कविता की प्रस्तुत पंक्ति में प्रयुक्त
   'समान्य' शब्द का क्या अर्थ निकलता है?

समानार्थी हिंदी पर्याय लिखिए।

5. Permission
6. Commission
7. Chancellor

समानार्थी अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

8. विश्वविद्यालय
9. वृत्तिका
10. स्वायत्त (1 x 10 = 10)

PART-B

ii. **प्रत्येक खंड से चार-चार प्रश्नों के उत्तर देते हुए कुल आठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

खण्ड- क

11. राजा जब भी झंड़े को
    नजाकत से फहराता है
    ऐन उसी वक्त तुम
    अपनी मजबूत हथेलियों से
    तालियां बजाना आरंभ करते हो- इन पंक्तियों का भावार्थ समझाइए ?
12. 'शोकगीत' कविता की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए ?
13. 'वह तो अच्छा हुआ' शीर्षक कविता में किस प्रकार की सामाजिक स्थिति की ओर इशारा
    किया गया है?
14. 'दर्जी' कविता का में प्रयुक्त 'टोपी' और 'झंडा' किसका प्रतीक है ?
15. 'उत्सर्ग' कविता का मूल भाव क्या है ?

खण्ड- ख

16. अनुवादक के गुण क्या-क्या हैं ?
17. 'भावानुवाद' से क्या तात्पर्य है ?

18. 'अनुवाद परकाय प्रवेश की प्रक्रिया है'- इसका तात्पर्य क्या है ?
19. 'रूपांतरण' से क्या तात्पर्य है ?
20. 'अनुवाद' शब्द का व्युत्पत्तिगत अर्थ क्या होता है ? (2 x 8 = 16)

PART-C

iii. **किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए, प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**

खण्ड- क

21. **अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए**

भारत एक लोकतंत्रात्मक देश है। लोकतंत्र की सफलता के लिए शासन की भाषा जनता की भाषा में हो। हिंदी भारत की सबसे बड़ी भाषा है तथा हमारी संस्कृति की वाहिका भी है। भारतीय संविधान के अनुसार हिंदी भारत सरकार की एकमात्र राजभाषा है।

(कठिन शब्द: लोकतंत्र- Democracy, शासन- Administration, संविधान- constitution)

22. **हिंदी में अनुवाद कीजिए**

1. All ministries should obey this rule. 2. Draft has been amended accordingly. 3. I agree with above note. 4. Order will will be issued. 5. The work is satisfactory.

(कठिन शब्द- Ministry- मंत्रालय, To obey- पालन करना, Rule- विधि, Note – टिप्पणी, Draft – मसौदा, As amended- यथा संशोधित, Order – आदेश, To issue- जारी करना, Satisfactory- संतोषजनक)

23. अपने दोस्त से अपने गांव के विकास के संबंध में की जाने वाली बातचीत का नमूना तैयार कीजिए।
24. अपने अध्यापक से कॉलेज में आयोजित की जाने वाली प्रदर्शिनी के संबंध में किए जाने वाले कल्पित वार्तालाप का नमूना तैयार कीजिए ।

खण्ड- ख

25. अकाल की व्यथा का वर्णन नागार्जुन जी किस प्रकार करते है ?
26. पवन करण स्त्री की जिंदगी का वर्णन किस प्रकार करते हैं?
27. 'दर्जी' कविता में प्रतिपादित समाजिक विषमता का परिचय दीजिए ? (5 x 5 = 25)

PART-D

IV. **प्रत्येक खंड से एक-एक प्रश्न का उत्तर लिखें।**

खण्ड- क

28. नारी जीवन की विषमताओं का चित्रण आज की कविता में पर्याप्त मात्र में हुआ है- इस कथन की सार्थकता पर विचार कीजिए ?

अथवा

29. 'दर्जी' कविता की कथ्यगत एवं शिल्पगत विशेषताऑं पर प्रकाश डालिए ?

खण्ड- ख

30. बाज़ार में सब्जी वाले से की जाने वाली विस्तृत बातचीत का नमूना तैयार कीजिए?

अथवा

31. एक बीमार और डॉक्टर के बीच में की जाने वाली बातचीत का नमूना तैयार कीजिए?

(12 x 2 = 24)